तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 चक्रवात अर्नब के कहर से किसानों की बढ़ी ...



12 शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक ...



बच्चों की सुरक्षा के साथ उनकी प्रतिभा और व्यक्तित्व विकास पर दें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कन्या छात्रावास एवं बिहाझर बालक गृह का निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने बागबाहरा प्रवास के दौरान प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास, बागबाहरा एवं बिहाझर क्षेत्र में संचालित बालक गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं, शैक्षणिक वातावरण, स्वच्छता तथा दैनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कन्या छात्रावास के निरीक्षण के दौरान आयोग की अध्यक्ष ने बच्चियों के कौशल विकास, रचनात्मकता एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए नियमित गतिविधियां आयोजित करने पर जोर दिया। उन्होंने लाइब्रेरी एवं रीडिंग रूम को सुव्यवस्थित करने तथा छात्रावास परिसर में स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश



दिए। डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि बाल संरक्षण का उद्देश्य केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि उनकी रुचि, प्रतिभा, कौशल एवं व्यक्तित्व विकास के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना भी है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल औपचारिक शिक्षा तक सीमित न रखते हुए उनकी रुचि, क्षमता और प्रतिभा के अनुरूप विकास के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। डॉ. शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशल विकास को विशेष महत्व दिया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए, ताकि छात्रावास में रहने वाली प्रत्येक बच्ची को अपनी प्रतिभा निखारने, नए कौशल सीखने और प्रतिस्पर्धात्मक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने का अवसर मिल सके। बिहाझर स्थित बालक गृह के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बड़े बच्चों की तीरंदाजी के प्रति रुचि एवं प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसके साथ ही उनके सर्वांगीण विकास के लिए खेल, शिक्षा और कौशल का समन्वय जरूरी है।

खबर संक्षेप

20 लीटर महुआ शराब बरामद, एक गिरफ्तार

महासमुंद। पिथौरा पुलिस ने ग्राम सुखीपाली में एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर ग्राम सुखीपाली में आरोपी शंकर चतुर्वेदी पिता रायसिंह चतुर्वेदी (34 साल) के खेत के पास से 20 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4 हजार रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।



भुरकोनी में धान कटाई को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम भुरकोनी में धान कटाई को लेकर मारपीट किए जाने के मामले में तेंदूकोना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम भुरकोनी के अमरई खार खेत में 26 अक्टूबर को पार्वती साहू और अन्य लोग धान की कटाई कर रहे थे। इसी दोपहर करीबन 03 बजे प्रार्थिया के बड़े भैया श्रीराम साहू एवं उसके बेटे मोरध्वज साहू, जितेंद्र साहू एवं उसकी पत्नी हेमबाई साहू आये और खेत के धान की कटाई करना चाह रहे थे, जिसे उन लोगों ने अपने पिता के हक का खेत समझ कर कटाई करने से मना किया, जिस पर सभी ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए प्रार्थिया, उसकी बड़ी दीदी बुधयारिन साहू एवं बहन राधा बाई साहू के साथ मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

जांच : अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पलसापाली बेरियर पर कार्रवाई

पुलिस चेकिंग में फंसे महाराष्ट्र के 4 तस्कर, 10.407 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बाइक से गांजा की तस्करी कर रहे महाराष्ट्र के 4 लोगों को जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10.470 किलो गांजा बरामद किया गया है।

अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई के निर्देश पर जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। 27 अक्टूबर को थाना बसना पुलिस द्वारा अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पलसापाली बेरियर के पास संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ओडिशा की ओर से दो केटीएम ड्यूक-250 (क्रमांक एमएच-01/डीसी-5194 व एमएच-32/एक्यू-0464) स्पीड बाईक में सवार 04 व्यक्तियों को पुलिस टीम ने आते



हुए देखा। उक्त बाईकर्स एकाएक पुलिस चेकिंग को देखकर हड़बड़ा गए और तत्काल अपने बाईक को वापस पीछे मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। दोनों बाईकर्स के संदिग्ध हरकतों को देखते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल उनका पीछा कर कुछ दूरी के बाद दोनों बाइक में सवार चारों व्यक्तियों को घेरकर रोका गया और पूछताछ व जांच पड़ताल किया गया। चारों ने अपना नाम पता गणेश खुंटे पिता गमाजी खुंटे (24 साल), निवासी गांधीनगर आर व्ही नाका वर्धा, थाना व जिला वर्धा (महाराष्ट्र), प्रज्वल गावडे पिता गजानंद गावडे (25 साल), निवासी बोरेगांव मेथे, थाना व जिला वर्धा (महाराष्ट्र) अमन कुडमथे पिता रामचन्द्र कुडमथे (25 साल), निवासी संत तुकाराम वार्ड, रामनगर वार्ड क्रमांक 20 वर्धा, थाना व जिला वर्धा (महाराष्ट्र), स्वपनिल आडे पिता कुंडलिक आडे (25 साल), निवासी संत तुकाराम वार्ड, रामनगर वार्ड क्रमांक 20 वर्धा, थाना व जिला वर्धा (महाराष्ट्र) होना बताया।

सभी की तलाशी लेने पर उनके कब्जे में रखे दो बैग मे कुल 10.470 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ पाया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उक्त गांजा को सोनपुर (ओडिशा) से लाकर बिक्री हेतु वर्धा (महाराष्ट्र) लेकर जा रहे थे। मामले में चारों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध थाना बसना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii) बी के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई है।

चेक बाउंस मामले में आरोपी को तीन माह की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

चेक बाउंस के एक मामले में सरायपाली के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) न्यायालय ने डॉ अशोक पटेल को तीन माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उन्हें परिवादी को 6 लाख 50 हजार रुपए प्रतिकर के रूप में अदा करने का भी आदेश दिया है।



उधार की रकम के बदले दिया था चेक

अधिवक्ता आरएन आदित्य के अनुसार ग्राम सिंघनपुर निवासी संजीव कश्यप पिता पीतांबर कश्यप ने 1 जून 2019 को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत डॉक्टर अशोक पटेल के खिलाफ परिवाद प्रस्तुत किया था। डॉक्टर पटेल का संबंध पशु चिकित्सालय, गीदम, जिला दंतेवाड़ा से बताया गया है। न्यायालय में इस मामले को परिवाद प्रकरण क्रमांक 429/2019 के तहत दर्ज कर सुनवाई की गई। परिवाद के अनुसार डॉक्टर अशोक पटेल ने संजीव कश्यप से 4 लाख 50 हजार रुपये उधार लिए थे। रकम वापस करने के लिए उन्होंने बैंक से राशि निकालने योग्य होने की बात कहते हुए 4 लाख 50 हजार रुपए का चेक दिया था।

न्यायालय ने सुनाई तीन माह की सजा

मामले की सुनवाई के दौरान परिवादी के साक्ष्य दर्ज किए गए और अभियुक्त का कथन भी लिया गया। विचारण के बाद न्यायालय ने डॉ अशोक पटेल को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत दोषी पाया। न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रगति गुर्दे ने 29 सितंबर 2026 को फैसला सुनाते हुए डॉ अशोक पटेल को तीन माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357(3) के तहत परिवादी को 6 लाख 50 हजार रुपए प्रतिकर अदा करने का आदेश दिया।

बैंक में जमा करने पर बाउंस हुआ चेक

संजीव कश्यप ने जब चेक को संबंधित बैंक में जमा किया, तो खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण चेक वापस हो गया। इसके बाद परिवादी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से डॉ अशोक पटेल को कानूनी नोटिस भेजा। नोटिस मिलने के बावजूद रकम का भुगतान नहीं किए जाने पर उन्होंने न्यायालय में परिवाद दायर किया।

बारिश...



महासमुंद। चक्रवाती तूफान के कारण शहर में दिनभर होती रही बारिश।

हाईस्कूल मैदान में मिलेंगे पटाखे, लॉटरी सिस्टम से आबंटित हुई 55 दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के हाईस्कूल मैदान में दीपावली के अवसर पर प्रस्तावित अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए मंगलवार को स्थानीय पालिका परिसर में आबंटन की प्रक्रिया हुई। 55 दुकानों के लिए अध्यक्ष निखिलकांत साहू की उपस्थिति में आवंटन की प्रक्रिया लॉटरी सिस्टम के माध्यम से संपन्न हुई। दीपावली पर्व को देखते हुए अस्थायी पटाखा बाजार के लिए आमंत्रित आवेदनों में लॉटरी पद्धति से दुकानों का आबंटन किया गया। पालिका सभाकक्ष में खुले तौर पर संपन्न प्रक्रिया के दौरान पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि त्योहारों पर सभी को



रोजगार का अवसर मिले और बाजार व्यवस्थित रहे इसके लिए पारदर्शी व्यवस्था अपनाई गई है। सभी दुकानदारों को सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा, राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर, राजस्व लिपिक गुमान ध्रुव, नौशाद बक्श सहित नपा के अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिक, पटाखा दुकान संचालक उपस्थित थे। नगर पालिका ने सभी आबंटित दुकानदारों को शुभकामनाएं दीं और सुरक्षा मानकों के साथ व्यवसाय करने की अपील की।

आधी रात महिलाओं के साथ मारपीट जेसीबी से बाइक को कुचला

महासमुंद। बसना के वार्ड नं 5 में आधी रात घर घुसकर मारपीट, गाली गलौज और जेसीबी से बाइक को कुचलने के मामले की रिपोर्ट पर चार आरोपियों व उनके साथियों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात 12 से 1.30 बजे के बीच सरिता साहू पति अनिल कुमार साहू के घर अशोक कुमार साहू, सौरभ साहू, सुनील कुमार साहू एवं अर्जुन चौहान सहित उनके साथ आए अन्य व्यक्तियों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने घर का दरवाजा तोड़कर जबरन प्रवेश किया। आरोपियों ने महिला के परिवार एवं उनके साथ रहने वाले कादंबिनी नायक और राहुल नायक के साथ मारपीट की। घटना के दौरान कादंबिनी नायक और प्रार्थिया को बाल पकड़कर घसीटा गया। कपड़े फाड़ दिए गए। साथ ही आरोपियों ने जेसीबी मशीन चलाकर कुचलने एवं जान से मारने का प्रयास किया। इसी दौरान गैरेज में जेसीबी चलाते हुए वहां रखे 2 नग बाइक भी कुचल दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

रोड किनारे जुआ खेल रहे आठ आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। जिले की पुलिस ने रोड किनारे जुआ खेल रहे आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर नगद साढ़े 10 हजार रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। तुमगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अछोली तिराहा के पास रोड किनारे बिजली खंभे के लाइट के नीचे में कुछ व्यक्तियों द्वारा खुला स्थान में संगठित होकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। पुलिस को आता देखकर कुछ लोग भाग निकले। वहीं पकड़े गए लोगों ने अपने नाम व पता क्रमशः बबलू बंजारे उर्फ यशवंत पिता जवाहर लाल (22 वर्ष), कुशल निषाद पिता इंदर (35 वर्ष), गजेंद्र साहू पिता जैतराम (24 वर्ष), महेंद्र ध्रुव पिता स्व. लक्ष्मण ध्रुव (32 वर्ष), यशवंत साहू पिता सुनहर साहू (44 वर्ष), लक्ष्मीचंद बंजारे पिता स्वव. नैनदास (24 वर्ष), प्रदीप निषाद पिता तुलाराम (27 वर्ष), ताम्रध्वज निषाद पिता तेजराम (25 वर्ष) ग्राम अछोली थाना तुमगांव का रहने वाले बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगद 10500 रुपए एवं मोबाइल बरामद किया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 , 112 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

वृद्ध दंपत्ति पर जंगली जानवर ने किया हमला, घायल

महासमुंद। बागबाहरा से करीब आठ किलोमीटर दूर ग्राम भदरसी में जंगली जानवर ने मंगलवार शाम वृद्ध दंपत्ति पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में वृद्ध की बायीं टांग और वृद्धा की उंगलियां व घुटने जख्मी हो गए। हालांकि, हमलावर जानवर तेंदुआ था या कोई अन्य वन्यजीव, इसकी पुष्टि वन विभाग नहीं कर सका है। जानकारी के अनुसार 67 वर्षीय देखन राम बरिहा 57 वर्षीया पत्नी शांति बाई और कुछ अन्य लोगों के साथ शाम करीब चार बजे खेत से लौट रहे थे। देखन राम रस्सी का बंडल लेकर कुछ आगे चल रहे थे। इसी दौरान पीछे से अचानक एक जंगली जानवर ने उनकी टांग पकड़ ली। घबराए देखन राम ने लाठी से वार किया, बाद जानवर भाग गया। वह कुछ समझ पाते, इससे पहले जानवर ने पीछे चल रही शांति बाई पर भी झपट्टा मार दिया। उनकी चीख सुनकर देखन राम मौके पर पहुंचे, तब तक जानवर भाग चुका था। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग पहुंचे और घायल दंपत्ति को घर लाए। सूचना पर वन विभाग की टीम उन्हें शासकीय अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। क्षेत्र में तेंदुए की हलचल की चर्चाओं के बीच वन विभाग ने घटनास्थल और आसपास पगचिह्न तलाशे, लेकिन तेंदुए की मौजूदगी के प्रमाण नहीं मिले। रेंजर नवीन वर्मा ने बताया कि घावों की प्रकृति से किसी छोटे वन्यजीव के हमले की आशंका है। उन्होंने लकड़बग्घे की संभावना से भी इनकार नहीं किया।

कलेक्टर ने धान खरीदी के पूर्व तैयारियों का लिया जायजा

चेक पोस्ट सिंघोड़ा एवं रेहटीखोल पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आगामी धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए जिले में अंतरराज्यीय सीमाओं पर निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा अवैध परिवहन पर नियंत्रण रखने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ओडिशा सीमा से लगे सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अंतरराज्यीय चेक पोस्ट स्थापित करने सिरपुर, सिंघोड़ा एवं रेहटीखोल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने चेक पोस्टों में जांच व्यवस्था, वाहनों की आवाजाही, दस्तावेजों के सत्यापन और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि चेक पोस्टों पर सतत निगरानी



रखते हुए जांच प्रक्रिया को सुदृढ़, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने चेक पोस्टों से गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही तथा उनके दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेखों का नियमित एवं व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित किया जाए तथा जांच प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चेक पोस्टों पर तैनात कर्मचारी पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। वाहनों की जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेजों का विधिवत सत्यापन किया जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए।

उन्होंने कहा कि अवैध परिवहन करते हुए वाहन पाए जाने पर नियमानुसार तत्काल वाहन जब्त (सीज) कर संबंधित प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही अंतर्राज्यीय सीमाओं से होने वाली वाहनों की आवाजाही पर निरंतर निगरानी रखी जाए, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध समय पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तेजपाल सिंह ध्रुव, तहसीलदार श्रीधर पंडा, खाद्य, सहकारिता एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

चक्रवाती तूफान और भारी बारिश की आशंका जिले के स्कूलों में आज अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे चक्रवाती तूफान एवं भारी बारिश की संभावना को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर विनय लंगेह ने 29 अक्टूबर 2026 गुरुवार को महासमुंद जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में एक दिवस का अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 29 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। जिला प्रशासन ने मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी एवं मौसम की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह आदेश दिया है।

खबर संक्षेप

महर्षि विद्या मंदिर ने राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में हासिल किया प्रथम स्थान

महासमुंद। महर्षि विद्या मंदिर मचेवा के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि भोपाल में 24, 25 एवं 26 अक्टूबर 2026 को आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में विद्यालय ने स्टेट बोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

महर्षि विद्यालय समूह द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा, कला-कौशल एवं योग का प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में महर्षि विद्या मंदिर मचेवा महासमुंद के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम एवं योगिक फ्लाइंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के पश्चात विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रस्तुति देने का गौरव प्राप्त हुआ।

इस उपलब्धि के साथ विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी को भी उत्कृष्ट संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास, विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान करने के प्रयासों का प्रतीक है।

महोत्सव में सहभागिता के उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों एवं प्राचार्य की वापसी पर महर्षि विद्या मंदिर में उनका महर्षि परिवार द्वारा भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके परिश्रम, अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

धार्मिक आयोजन भक्ति, सेवा और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं: मनमीत

ठाकुरदिया में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन, कार्यक्रम में जुटे श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



श्रीराम मंदिर निर्माण स्थल ठाकुरदिया खुर्द में मंगलवार को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का भक्तिमय आयोजन हुआ। जय बजरंग मानस परिवार खैरखूंटा द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में रामभक्तों ने शामिल होकर प्रभु श्रीराम एवं बजरंग बली की आराधना की और पुण्य लाभ अर्जित किया। भजन-कीर्तन और पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

सनातन चेतना संस्थान समिति के आमंत्रण पर सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा एवं वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष बलराज नायडू विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ में सहभागिता की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने के साथ ही समाज में भक्ति, सेवा और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजनों से लोगों को अपनी आध्यात्मिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है और समाज में आपसी प्रेम, एकता एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, त्याग, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है, वहीं बजरंग बली का जीवन अटूट भक्ति, साहस, निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। हमें प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज और जनकल्याण के कार्यों में योगदान देना चाहिए। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की कि सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों तथा प्रत्येक परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने एक साथ पंगत में बैठकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आस्था, भक्ति और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ कार्यक्रम हुआ।

सेवा सेतु पोर्टल से अब घर बैठे मिलेगी पांच नई ऑनलाइन सेवाएं

महासमुंद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय सेवाओं को डिजिटल माध्यम से आम नागरिकों तक सहज, सरल और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से पांच नई ऑनलाइन सेवाओं के संचालन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश जारी किए गए हैं। नई सेवाओं के शुरू होने से नागरिकों को विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और घर बैठे ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग से संबंधित पांच सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। इनमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नलकूप खनन की अनुमति, निविदा स्वीकृति के पश्चात असफल ठेकेदारों की अमानत राशि की वापसी तथा पेयजल स्रोतों के परीक्षण से संबंधित सेवाएं शामिल हैं। वहीं, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्थानांतरण प्रमाण पत्र (ट्रांसफर सर्टिफिकेट) के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के अंतर्गत पशु रोग प्रकोप संबंधी जानकारी (एनिमल डिजीज आउटब्रेक इन्फॉर्मेशन) से जुड़ी सेवा को भी पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराने की तैयारी है। जारी निर्देशों के अनुसार इन पांचों सेवाओं के ऑनलाइन संचालन एवं प्रदाय की प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों को प्रशिक्षण की तिथि, समय और स्थान निर्धारित कर जिला कार्यालय को अवगत कराने तथा प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार होने से नागरिकों को शासकीय सेवाओं तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी। ऑनलाइन आवेदन और डिजिटल प्रक्रिया से अनावश्यक कार्यालयीन आवागमन में कमी आएगी।

महालक्ष्मी अस्पताल में एक्लॅम्पसिया से पीड़ित गंभीर गर्भवती का सफल आपातकालीन प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शहर के रायपुर रोड स्थित महालक्ष्मी अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. इप्सिता प्रियदर्शिनी श्रीपति ने द्वारा आपातकालीन सर्जरी से पहली बार मां बन रही 20 वर्षीय युवती और नवजात शिशु को नई जिंदगी दी।

जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय गर्भवती महिला को अत्यधिक उच्च रक्तचाप, तेज दौरे और बेहोशी की अत्यंत नाजुक हालत में सरकारी अस्पताल से महालक्ष्मी अस्पताल रेफर किया गया। जहां युवती अर्द्धबेहोशी की अवस्था में थी तथा दौरे के असर से उसकी याददाश्त पर भी असर पड़ा था। गर्भावस्था में एक्लॅम्पसिया मां और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए प्राणघातक स्थिति मानी जाती है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. इप्सिता प्रियदर्शिनी श्रीपति ने बिना एक पल गंवाए मरीज का त्वरित चिकित्सीय मूल्यांकन किया और तत्काल आपातकालीन सिजेरियन ऑपरेशन का फैसला लिया। जटिल परिस्थितियों के बावजूद डॉ. इप्सिता ने अत्यंत कुशलतापूर्वक सर्जरी संपन्न कराई। सफल ऑपरेशन के बाद नवजात शिशु और मां दोनों पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हैं। उपचार के बाद महिला की स्थिति में तेजी से सुधार आया और उसकी याददाश्त संबंधी समस्या भी पूरी तरह ठीक हो गई।

आज करवा चौथ पर शाम को चांद के साथ होगा पतिदेव का दीदार, खोलेगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

करवा चौथ के चलते दिनभर

- **करवा चौथ पर्व की तैयारियों के लिए महिलाएं साड़ी, चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, श्रृंगार और पूजन सामग्री खरीदती नजर आई**

भूखी-प्यासी रहकर पति की लंबी उम्र की कामना, हाथों में रची मेहंदी और सोलह श्रृंगार से सजी सुहागिनें। अब बस शाम को चांद निकलने का इंतजार है। चांद के दीदार के साथ पहले उसे अर्घ्य देंगी, फिर चलनी से पतिदेव का चेहरा निहारकर व्रत खोलेंगी। करवा चौथ को लेकर बुधवार को बाजारों में रौनक रही। कहीं चूड़ियों की खनक सुनाई दी तो कहीं मेहंदी की खुशबू ने पर्व के करवा चौथ को लेकर बाजारों से लेकर घरों तक उत्साह रहा। पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण के प्रतीक इस पर्व पर सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ निर्जला व्रत रखी।

वहीं पर्व की तैयारियों के लिए महिलाएं साड़ी, चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, श्रृंगार और पूजन सामग्री खरीदती नजर आईं। कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन और चूड़ियों की दुकानों पर भीड़ रही। मेहंदी लगाने वालों के यहां महिलाओं की आवाजाही बढ़ी, वहीं मिठाई और फल की दुकानों पर भी ग्राहकों की चहल-पहल रही।

पार्लरों में पहले से तय रहा समय

पर्व पर आकर्षक दिखने की तैयारी भी कम नहीं रही। पार्लर संचालिका ने बताया की त्यौहारों के लिए ब्यूटी पार्लरों में मेकअप, हेयर स्टाइल, फेशियल और अन्य सौंदर्य सेवाओं के लिए महिलाएं पहले से समय ले रखी हैं। मैनीक्योर और पेडीक्योर जैसी सेवाओं की बुकिंग भी की गई है, ताकि पर्व के दिन अंतिम समय में इंतजार न करना पड़े।

मेहंदी और मेकअप कराने का बढ़ा ट्रेंड

करवा चौथ पर हाथों में पिया के नाम की मेहंदी रचाना बेहद शुभ माना जाता है। बाजारों व पार्लरों में मेहंदी लगाने महिलाओं ने त्योहार से एक सप्ताह पहले एडवांस बुकिंग की थी। करवा चौथ पर महिलाएं सूर्योदय से चंद्रोदय तक व्रत रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा करेंगी। पंचांग गणना के अनुसार चतुर्थी तिथि पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5.38 से 6.56 बजे तक बताया गया है। चंद्रोदय का समय रात 8.17 बजे है, हालांकि स्थान के अनुसार इसमें कुछ मिनट का अंतर हो सकता है। महिलाएं छलनी से चंद्रमा और फिर पति का चेहरा देखकर अर्घ्य अर्पित करेंगी और इसके बाद व्रत खोलेंगी।

धान खरीदी पर साय सरकार का फैसला किसानों के साथ अन्याय, समर्थन मूल्य बढ़ाने की जरूरत : मानिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर साय कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णय पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने नाराजगी जताते हुए इसे किसानों के हितों की अनदेखी करने वाला फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए, लेकिन सरकार लगातार तीसरे वर्ष भी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का निर्णय लेकर किसानों को निराश कर रही है।

मानिक ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में केंद्र सरकार ने धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में लगभग 380 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। ऐसे में किसानों को बढ़ती लागत, खाद, बीज, कीटनाशक और कृषि कार्यों में होने वाले खर्च को देखते हुए बेहतर मूल्य मिलना चाहिए। उन्होंने मांग की कि किसानों को कम से कम 3500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान का मूल्य दिया जाए, ताकि उन्हें खेती से उचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने और 27.50 लाख किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदने की बात कर रही है, लेकिन केवल खरीदी का लक्ष्य और केंद्रों की संख्या बढ़ाने से किसानों की समस्याएं दूर नहीं होंगी। किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य देना भी सरकार की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि सरकार को धान खरीदी शुरू होने से पहले सर्वे की त्रुटियों को सुधारने, पंजीयन से वंचित किसानों को अवसर देने और शिकायतों के त्वरित निराकरण की ठोस व्यवस्था करनी चाहिए। मानिक ने राज्य सरकार से मांग की कि धान खरीदी के निर्णय पर पुनर्विचार कर किसानों को उचित मूल्य दिया जाए तथा तकनीकी प्रक्रियाओं के कारण किसी भी पात्र किसान को अपनी उपज बेचने से वंचित न किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि जमीन पर प्रभावी व्यवस्था लागू करने से होगी।

एग्रीस्टैक पंजीयन और डिजिटल सर्वे पर उठाए सवाल

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने एग्रीस्टैक पंजीयन को अनिवार्य किए जाने पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि तकनीकी या अन्य कारणों से जिन किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है, उनके लिए सरकार को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। यदि पंजीयन के अभाव में कोई किसान धान बेचने से वंचित होता है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? मानिक ने डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) के माध्यम से रकबा निर्धारण की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि खसरा नंबर और कृषि रकबे में त्रुटियों की शिकायतें किसानों के लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं। यदि समय रहते इन विसंगतियों को दूर नहीं किया गया, तो किसानों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे और खरीदी अवधि समाप्त होने तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा।

'साय कैबिनेट का धान खरीदी निर्णय किसान विरोधी और निराशाजनक'

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने 27 अक्टूबर को साय कैबिनेट की बैठक में लिए गए धान खरीदी के निर्णय को पूरी तरह से किसान विरोधी और निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि साय सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों को पिछले तीन साल से धान का एक ही दाम देकर ठगने का काम कर रही है।

चंद्राकर ने कहा कि इन तीन सालों में केंद्र सरकार द्वारा धान की एमएसपी में लगभग 380 रुपए की वृद्धि की गई है। इस वृद्धि को जोड़कर इस वर्ष किसानों को कम से कम 3500 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिया जाना चाहिए, लेकिन साय कैबिनेट ने इस बार भी किसानों के हक पर कुठाराघात करते हुए केवल 3100 रुपए प्रति क्विंटल ही देने का निर्णय लिया है। यह छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं के साथ खुला धोखा है। सरकार 27.50 लाख किसानों से 15 नवंबर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की बात तो कर रही है, लेकिन दाम वही पुराना देकर वाहवाही लूटना चाहती है।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है और कहा है कि पिछले वर्ष के पंजीकृत किसानों को नए पंजीयन की जरूरत नहीं होगी, लेकिन ऐसे हजारों किसान जिनका किसी कारण से एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो पाया है, उनके लिए सरकार ने कोई वैकल्पिक और औपचारिक व्यवस्था नहीं की है। ऐसे किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे। सरकार कह रही है कि ऋण पुस्तिका लाने की जरूरत नहीं होगी और डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से रकबे का ऑनलाइन निर्धारण होगा, लेकिन हकीकत यह है कि सरकार भी जानती है कि डीसीएस सर्वे में भारी विसंगतियां हैं। खसरा और रकबा में भारी गड़बड़ी सामने आ रही है। चंद्राकर ने कहा कि डीसीएस सर्वे की गड़बड़ी के कारण गांव-गांव में किसानों के बीच विवाद की स्थिति बन सकती है और त्रुटि सुधार कराते-कराते ही धान खरीदी का पूरा समय निकल जाएगा। अंत में किसान अपनी उपज नहीं बेच पाएगा। सरकार 360 नए केंद्र खोलकर 3100 केंद्रों पर खरीदी और बायोमेट्रिक सत्यापन की बात कर रही है, लेकिन जब किसान का रकबा ही गलत दर्ज होगा तो वह केंद्र तक कैसे पहुंचेगा। यह सरकार किसान हितैषी होने का ढोंग कर रही है।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि नहीं देना साय सरकार की किसान विरोधी चेहरा उजागर: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी एवं महासमुंद विधानसभा की पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार की नीतियों से किसानों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धान खरीदी का समय नजदीक आने के बावजूद किसानों के मन में कई सवाल हैं। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इस वर्ष धान खरीदी की क्या तैयारी है, किसानों को समय पर टोकन कैसे मिलेगा और उनकी उपज की खरीदी बिना किसी परेशानी के कैसे सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने ने कहा कि भाजपा जब विपक्ष में थी, तब कांग्रेस सरकार से 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की मांग करती थी। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है, इसलिए उसे किसानों के हित में स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने मांग की कि 1 नवंबर से 3,358 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी शुरू की जाए। धान खरीदी की तारीख नजदीक आने के साथ ही किसानों को अपनी फसल की सुरक्षा, खरीदी केंद्रों तक परिवहन चिंता सताने लगती है। सरकार को इन सभी विषयों पर स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। सरकार को समय रहते पूरी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए।

शंकर कॉलोनी में पुरानी रंजिश को लेकर गलौज व मारपीट का मामला दर्ज

सरायपाली। नगर के वार्ड क्रमांक 11 बाजार पारा शंकर कॉलोनी में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक द्वारा घर के बाहर आकर गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रकाश भोई निवासी वार्ड नं. 11 बाजार पारा शंकर कॉलोनी ने बताया कि 24 अक्टूबर की शाम लगभग 7 बजे वे ट्रक चलाकर अपने घर लौटे थे। इसी दौरान शाम लगभग 7:30 बजे उनके घर के बाहर जोगनीपाली निवासी संदीप भोई आकर जोर-जोर से हल्ला और गाली-गलौज कर रहा था। शोर सुनकर जब प्रकाश भोई बाहर निकले, तो देखा कि आरोपी संदीप उनके बेटे अरुण भोई को गालियां दे रहा थे। जब प्रार्थी प्रकाश भोई ने आरोपी को गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी संदीप भोई और उग्र हो गया. उसने "तुम लोग पुरानी बातों को लेकर मेरे भाई को धमकी दिए हो, आज तुम लोगों को जान से खत्म कर दूंगा." कहते हुए अश्लील गालियां दीं और प्रार्थी प्रकाश का बायां हाथ मरोड़ दिया। हाथ मरोड़े जाने से प्रकाश को बाएं हाथ में गंभीर दर्द और चोट आई है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद पीड़ित के बेटे अरुण भोई और नेहरू भोई ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। वहीं मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संदीप भोई के खिलाफ अपराध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

सिरपुर का यूनेस्को की विश्व धरोहर की अस्थायी सूची में शामिल होना छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय: अमन

महासमुंद। पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक नगरी सिरपुर का यूनेस्को की विश्व धरोहर की अस्थायी सूची में शामिल होना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इससे छत्तीसगढ़ की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद बढ़ी है। भारतीय जनता युवा मोर्चा महासमुंद के जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि सिरपुर छत्तीसगढ़ की प्राचीन सभ्यता, कला, संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहरें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की परिचायक हैं। सिरपुर को यूनेस्को की अस्थायी सूची में स्थान मिलना प्रदेश के लिए गौरव की बात है और इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि सिरपुर की ऐतिहासिक महत्ता को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास सराहनीय हैं। आशा है कि भविष्य में सिरपुर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में स्थायी स्थान प्राप्त होगा, जिससे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर नई पहचान मिलेगी।



गुटखे की गिरफ्त में बचपन की समस्या का वैज्ञानिक अध्ययन किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

32वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी के बाल वैज्ञानिक सतीश तांडी एवं खुशी मिश्रा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद के सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुपमा आनंद के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। जिले से कुल 178 परियोजनाएँ जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रस्तुत की गईं। इनमें से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की कुल 5 टीमों का चयन किया गया है। इन चयनित टीमों में रिमजी विद्यालय की टीम भी शामिल है। इस प्रकार सतीश तांडी एवं खुशी मिश्रा ने जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया है।

दोनों विद्यार्थियों ने अपनी शोध परियोजना "गुटखे की गिरफ्त में बचपनश् के माध्यम से निर्णायक मंडल के समक्ष स्थानीय समस्या का वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत किया। इस परियोजना में गाँव के किशोरों एवं युवाओं में तंबाकू, गुटखा एवं सुपारी



उत्पादों के सेवन की स्थिति, उससे जुड़े आर्थिक प्रभाव तथा जागरुकता कार्यक्रम के महत्व का अध्ययन किया गया। विद्यार्थियों ने घर-घर सर्वेक्षण कर आँकड़े एकत्र किए, उनका विश्लेषण किया तथा पाई चार्ट के माध्यम से निष्कर्ष प्रस्तुत किए। इसके साथ ही जागरुकता रैली, बैनर-पोस्टर एवं शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को तंबाक सौर गतखा सेवन के टष्प्रभावों के पति जागरूक किए, उनका विश्लेषण किया तथा पाई चार्ट के माध्यम से निष्कर्ष प्रस्तुत किए। इसके साथ ही जागरूकता रैली, बैनर-पोस्टर एवं शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को तंबाकू और गुटखा सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया।

इस परियोजना की तैयारी में मार्गदर्शक शिक्षक ओमप्रकाश साव के साथ सहयोगी शिक्षक कमलनारायण भोई एवं डोलामणि चौहान का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। शिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों ने स्थानीय समस्या की पहचान, सर्वेक्षण, आँकड़ों का संकलन, विश्लेषण तथा जागरुकता गतिविधियों को शोधपरक तरीके से प्रस्तुत किया। अब सतीश तांडी एवं खुशी मिश्रा आगामी 21 नवंबर 2026 को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता में अपनी परियोजना का प्रस्तुतीकरण करेंगे। विद्यालय परिवार ने दोनों बाल वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है। यह सफलता विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध प्रवृत्ति, सामाजिक जागरूकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

खबर संक्षेप



सूचना का अधिकार अधिनियम पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में जिला स्तरीय जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी ने भाग लिया। उन्हें आरटीआई के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अधिनियम की धाराओं से अवगत कराया गया तथा आरटीआई के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में कैसे निराकरण करें इसके बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला के अंतर्गत आरटीआई अधिनियम की धाराओं, नियमों और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही लोक सूचना अधिकारियों के दायित्वों और समय-सीमा के भीतर जानकारी देने के महत्व पर चर्चा की गई। प्रथम अपील, द्वितीय अपील और केंद्रीय, राज्य सूचना आयोग के दिशा-निर्देशों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया तथा आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल में ऑनलाइन प्राप्त होने वाले आवेदन का निराकरण करने और जिले के समस्त जनसूचना अधिकारियों का पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जिले के विभिन्न कार्यालयों के जनसूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मनोज सिन्हा और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ओमप्रकाश पटेल, धनुर्जय साहू, मेघनाथ सिदार उपस्थित थे।

कार्यक्रम : बागबाहरा में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' बौद्धिक सम्मेलन का आयोजन

संवैधानिक संस्थाओं पर विपक्ष द्वारा किए जा रहे हमलों पर छत्तीसगढ़ लोक जागरण मंच ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बागबाहरा नगर के सांस्कृतिक भवन में छत्तीसगढ़ लोक जागरण मंच द्वारा राष्ट्रीय चिंतन संवाद बौद्धिक सम्मेलन के तहत 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' विषय पर विचार-विमर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र, चुनाव प्रक्रिया, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान, राष्ट्रीय एकता एवं समसामयिक राजनीतिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, भारतीय सेना तथा अन्य संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्षी दलों के रुख पर वक्ताओं ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा उपस्थित रहे। साथ में वक्ता के रूप में पूर्व सांसद महासमुंद चुन्नीलाल साहू तथा लौह शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रस्तावना कार्यक्रम प्रभारी नरेश चंद्राकर द्वारा प्रस्तुत की गई।



लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यकः वर्णिका

मुख्य वक्ता वर्णिका शर्मा ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद पर विस्तृत चर्चा करते हुए मतदाता सूची की शुद्धता को निष्पक्ष चुनावी व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि मृत मतदाताओं, डुप्लीकेट प्रविष्टियों तथा अन्य अपात्र नामों की नियमानुसार जांच करना देशहित में है। उन्होंने कांग्रेस के पूर्ववर्ती शासनकाल में हुए चुनावी सुधारों के इतिहास तथा मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए विपक्षी दलों से आग्रह किया कि वे अपने आरोपों को तथ्यों के साथ प्रस्तुत करें और लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े विषयों पर जिम्मेदारीपूर्ण संवाद करें। लौह शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कांग्रेस, सपा सहित विपक्षी दलों द्वारा चुनाव आयोग और एसआइआर प्रक्रिया को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर आपत्ति व्यक्त की। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता और देशहित को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

कार्यक्रम में इनकी रही विशेष सहभागिता

इस संवाद कार्यक्रम में खल्लारी क्षेत्र के डॉक्टर, अधिवक्ता, शिक्षक, प्राचार्य, प्राध्यापक, इंजीनियर, उद्योगपति, उद्यमी, व्यापारी, बैंक एवं वित्तीय विशेषज्ञ, पत्रकार, संपादक, साहित्यकार, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी, कृषि विशेषज्ञ, प्रगतिशील किसान, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद्, शोधकर्ता, महिला नेतृत्व, शिक्षित युवा, जनप्रतिनिधिगण तथा अन्य विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों के विशेषज्ञों एवं जागरूक नागरिकों को आमंत्रित किया गया था,जिसमें खल्लारी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में निवासरत सैकड़ों बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इस अभियान के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों को प्रमुखता दी गई।

धान खरीदी, बिजली राहत और कैशलेस चिकित्सा सहित जनहितकारी निर्णयों को स्वप्निल ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर 2026 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए जनहितकारी निर्णयों का स्वागत करते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा किसानों से 15 नवंबर 2026 से धान खरीदी प्रारंभ करने, 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की व्यवस्था तथा पिछले वर्ष के एग्रीस्टेक आईडी युक्त पंजीकृत किसानों को दोबारा पंजीयन से छूट देने का निर्णय किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। इससे किसानों को धान विक्रय की प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी और कृषि कार्यों को प्रोत्साहन प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान के अंतर्गत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक मिलने वाली रियायत जारी रखने तथा योजना की पात्रता अवधि 31 मार्च 2027 तक बढ़ाने का निर्णय आम परिवारों को राहत प्रदान करेगा। इसी प्रकार राज्य के शासकीय सेवकों एवं उनके आश्रित परिवारों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने की मंजूरी से गंभीर बीमारी और आपातकालीन परिस्थितियों में उपचार की सुविधा मिलेगी तथा आर्थिक बोझ कम होगा। भाजपा जिला प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन-2026 और मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन को मंजूरी मिलने से प्रदेश में सड़क एवं अन्य अधोसंरचनाओं के विकास, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में काम होगा। वहीं मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान से लेकर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण तक व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देगी। तिवारी ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में रेल परियोजना के क्रियान्वयन को गति देने, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने, किसानों की उपज के प्रसंस्करण एवं भंडारण की सुविधाओं का विस्तार करने और लंबित सड़क निर्माण कार्यों को गति देने संबंधी निर्णय छत्तीसगढ़ के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसान कल्याण, आम नागरिकों को राहत, कर्मचारियों की चिकित्सा सुरक्षा, अधोसंरचना विकास, पर्यटन, खेल और औद्योगिक प्रगति को ध्यान में रखकर लिए गए निर्णय प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। स्वप्निल तिवारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनहित और विकास से जुड़े कार्यों को इसी प्रकार प्राथमिकता देती रहे।

राशन कार्ड में जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता गरीबों के पेट पर लात : आलोक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महासचिव और छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार पर प्रदेश के गरीब परिवारों को राशन से वंचित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार जानबूझकर राशन कार्ड के लिए जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता लादकर गरीब परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित करना चाहती है। चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए स्मार्ट पीडीएस 2.0 पोर्टल के तहत नए राशन कार्ड बनवाने और पुराने कार्डों में संशोधन के लिए डिजिटल जाति प्रमाण पत्र को अनिवार्य कर दिया गया है। इस तुगलकी फरमान से प्रदेश के गरीब, असहाय और मजदूर परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई गरीब परिवारों के पास जमीन का दस्तावेज नहीं है और वे पढ़े लिखे भी नहीं हैं, जिसके कारण उनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। शहरी क्षेत्र के लोग नगर पालिका और ग्रामीण क्षेत्र के लोग जनपद और तहसील के चक्कर लगा रहे हैं और चॉइस सेंटरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा परेशानी विवाहित महिलाओं को हो रही है। नियम के अनुसार विवाहित महिलाओं का जाति प्रमाण पत्र मायके से बनता है जबकि राशन कार्ड ससुराल के पते से बनना है। ऐसे में महिलाओं को अपने मायके के लिए दूसरे गांव, ब्लॉक और जिलों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनकी दैनिक मजदूरी मारी जा रही है और समय व पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। ई-केवाईसी और फिंगरप्रिंट मिसमैच जैसी तकनीकी दिक्कतों ने तो रही सही कसर पूरी कर दी है, जिसके कारण हजारों आवेदन ब्लॉक कार्यालयों में लंबित पड़े हैं। आलोक ने कहा कि जिन परिवारों के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है वे मुफ्त खाद्यान्न जैसी जनकल्याणकारी योजना से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि साय सरकार को यह अमानवीय और गरीब विरोधी नियम तत्काल वापस लेना चाहिए, अन्यथा कांग्रेस सड़क पर उतरकर गरीबों के हक की लड़ाई लड़ेगी।

छत्तीसगढ़ कैबिनेट के 19 बड़े फैसलों का स्वागत, किसान हित और विकास को मिलेगी नई गति : भीखम ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए 19 महत्वपूर्ण निर्णयों का जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के ये फैसले किसानों के हितों की रक्षा करने, आम नागरिकों को राहत प्रदान करने तथा प्रदेश में विकास की गति को और तेज करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

ठाकुर ने कहा कि 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने, किसानों से 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने तथा अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। धान खरीदी के लिए 360 नए उपार्जन केंद्र खोलने से किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही कृषक उन्नति योजना के तहत प्रति क्विंटल के बजाय प्रति एकड़ के हिसाब से आदान सहायता राशि देने का निर्णय भी कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक बिजली बिल में राहत जारी रखने तथा बिजली राहत योजना में 400 यूनिट तक खपत की पात्रता 31 मार्च 2027 तक बढ़ाने का निर्णय आम जनता को राहत प्रदान करेगा। वहीं, सरकारी कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिवारों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने का फैसला स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सराहनीय पहल है। ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन-2026 के लिए 500 करोड़, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन के लिए 500 करोड़ के प्रस्ताव तथा मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन के लिए वर्ष 2026-27 में 100 करोड़ के बजट का प्रावधान प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं, पर्यटन और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में सहायक होगा। उन्होंने कटघोरा-तखतपुर-मुंगेली-कवर्धा-खैरागढ़-डोंगरगढ़ रेल परियोजना को मंजूरी, राजनांदगांव के सोमनी में लगभग 400 करोड़ की लागत से मल्टी फ्रूट प्रोसेसिंग फैसिलिटी की स्थापना तथा प्रदेश के पांच स्थानों पर पुनर्विकास परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दिए जाने को विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। इसके अलावा कोल गैसीफिकेशन परियोजनाओं को विशेष प्रोत्साहन, सड़क निर्माण ठेकेदारों को डामर की कीमतों में वृद्धि पर राहत, औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियमों में संशोधन, नगर पंचायत कूंरा का नाम बदलकर कुंवरगढ़ करने, सुशासन एवं अभिसरण विभाग में तीन नए पदों के सृजन तथा अन्य निर्णयों से प्रदेश में विकास और प्रशासनिक कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसान कल्याण, जनहित, सुशासन और विकास को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। इन निर्णयों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों सहित विभिन्न वर्गों को लाभ प्राप्त होगा।

साय कैबिनेट के किसान और जनहितैषी फैसलों से छत्तीसगढ़ में सुशासन का नया अध्यायः राकेश



महासमुंद। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों का स्वागत करते हुए इसे संवेदनशील सरकार का किसान, आम जनमानस और प्रदेश के हर वर्ग के हित में लिया गया ऐतिहासिक फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ सुशासन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। कैबिनेट की बैठक में लिये गए निर्णय प्रदेश के किसानों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली है। राकेश ने कहा कि कैबिनेट का सबसे बड़ा और किसानों के हित में लिया गया निर्णय खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने का है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि 27.50 लाख से अधिक किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। किसान हित में सबसे बड़ी राहत यह है कि एग्रीस्टेक आईडी युक्त पिछले वर्ष के पंजीकृत सभी किसानों को इस वर्ष पृथक से पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी और न ही ऋण पुस्तिका समिति में लानी पड़ेगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से रकबे का निर्धारण और बायोमेट्रिक आधारित खरीदी से वास्तविक किसानों को लाभ मिलेगा और बिचौलियों पर रोक लगेगी। किसानों की सुविधा के लिए इस वर्ष 360 नए उपार्जन केंद्र खोले जा रहे हैं, जिसके बाद कुल 3100 केंद्रों पर सुगम खरीदी होगी।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अंबेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच - मातृ स्मृति कंगाल बाजार, जगन्नाथ मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर
उपलब्ध सुविधाएँ-
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकन सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
TPA की सुविधा

पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा देश विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

जुदाई



स्व. श्री भागवत प्रसाद साहू जी
(सेवानिवृत्त प्रधान पाठक)

खुशी है गम है जुदाई है।
लिप्सा मन की बुराई है।
आस का सपना, बहारों की मंजिल।
जुड़ता टूटता बेबस दिल।
छोड़ता हूँ, छोड़ नहीं पाता।
अपनाता हूँ अपना नहीं पाता।
आगे है समय का ताना-बाना।
कौन निकल जावेगा किसने जाना।
यह काल भंवर की गहराई है।
अभी आया और अभी जुदाई है।
माना प्रेम का धागा टूटता नहीं।
अनमोल रतन बिखरता नहीं।
सुख के वे क्षण भूल नहीं सकते।
दुख के ये क्षण सह नहीं सकते।
है यह नियति की विवशता।
और आगे है जीवन की चढ़ाई।
अभी शेष है मधुर बिदाई।
जाने अनजाने मानव सब सहता।
— रचनाकार : स्व. भागवत प्रसाद साहू जी

शोक संदेश

शहर के बीटीआई रोड निवासी साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक **श्री भागवत प्रसाद साहू जी** का 22 अक्टूबर, 2026 को राजधानी स्थित एक हॉस्पिटल में आकस्मिक निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। अंतिम संस्कार का कार्यक्रम उनकी इच्छानुसार 23 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को गृह ग्राम बत्तोंडा बाजार एवं तिजनाहवन का कार्यक्रम 25 अक्टूबर 2026 को बीटीआई रोड निवास महासमुंद में संपन्न हुआ। वे पूर्व माध्यमिक शाला बम्हनी से सेवानिवृत्त हुए, जिसके बाद वे आम जनमानस के बीच साहित्यकार एवं विचारक के तौर पर विख्यात रहे। उनके द्वारा लिखित विभिन्न कृतियाँ लोगों के लिए प्रेरणास्पद रहीं। वे

प्रसाद मार्केटिंग एवं प्रसाद इलेक्ट्रॉनिक्स

के संचालक हेमंत प्रसाद साहू, टेकेश्वर प्रसाद साहू के पिता व खुमेंन्द्र साहू के दादा जी थे।

नोट : महासमुंद निज निवास में शाम चार बजे से एक घंटे का गरुड़ पुराण हो रहा है।

खबर संक्षेप



साराडीह स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

महासमुंद। ग्राम साराडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में अंकित चंद्राकर साराडीह निवासी द्वारा अपने पिता स्वर्गीय डॉ. लेख राम चंद्राकर के जन्मदिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक मंजू चंद्राकर, भारती चंद्राकर, सुनीता पटेल, देवकी सिंह दीवान, माहेश्वरी मार्कंडेय, एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

जिले के युवाओं से कल तक आवेदन आमंत्रित

महासमुंद। युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिये सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से "युवा रत्न सम्मान' योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामाजिक सेवा, साहित्य, उद्योग एवं व्यापार, शिक्षा, खेल, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल विकास (केवल महिलाओं के लिए), मीडिया, स्वास्थ्य सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन, कला एवं संगीत एवं लोककला के क्षेत्र में 1 युवा को 1 लाख रुपए की नकद राशि एक सम्मान पत्र, पदक और शॉल दिया जाएगा।

शरद पूर्णिमा पर कृष्णा राधा झांकी सजाई, अमृत वर्षा पर रात में बंटी खीर

बिरकोनी। ग्राम अछरीडीह के सरस्वती शिशु मंदिर में शाम 7 बजे छात्रों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर शरद पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। गणेश वंदना व सरस्वती पूजा पश्चात बालक-बालिकाओं ने कृष्णा राधा रास लीला का मंचन व तुलसी विवाह प्रस्तुत किया। इसके बाद परंपरिक सुवा नृत्य व राउत नृत्य की सामूहिक डांस में रंगारंग मनमोहक प्रस्तुति दी। नाट्कीय समेत अन्य रास लीला के प्रति सामाजिक मुद्दों को जागरूक किया। आकर्षक झांकी देवी देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान ग्रामवासियों ने भगवान कृष्णराधा की दर्शन किए। दर्शकों ने शरद पूर्णिमा को व्रत रहकर कृष्ण-राधा की आरती की। बाद खीर प्रसाद वितरण किया गया।

निधन

पुष्पा पांडेय



पिथौरा। शहर के रानीसागर पारा वार्ड नं 12 निवासी पुष्पा पांडेय (61) का आकस्मिक निधन हो गया है। वे कुबेर प्रसाद पांडेय की पत्नी एवं डॉ.विकास पांडेय (मोनू), प्रकाश पांडेय की माता थीं। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम पिथौरा में हुआ जिसमें सामाजिकजन सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

क्षति : खड़ी फसल गिरने से नुकसान की आशंका, मेहनत पर फिरा पानी

चक्रवात अर्नब के कहर से किसानों की बढ़ी धड़कनें, खेत-खलिहानों में रखे धान भीगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान के प्रभाव से छत्तीसगढ सहित अंचल में मौसम का मिजाज अचानक पूरी तरह बदल गया है। पिछले घंटों से क्षेत्र में लगातार झड़ियातार बारिश के साथ चल रही ठंडी हवाओं ने आम जनजीवन को जहां अस्त-व्यस्त कर दिया है, वहीं अन्नदाता किसानों की नींद उड़ा दी है। बेमौसम की इस मार ने किसानों की सालभर की मेहनत पर संकट के बादल खड़े कर दिए हैं।



खलिहानों में त्रिपाल के सहारे सुरक्षा

जिन किसानों ने किसी तरह फसल को समेटकर खलिहानों में एकत्रित किया है और पॉलीथिन या त्रिपाल से ढंका है, वे भी लगातार नमी, सीलन और पानी रिसने के खतरे से जूझ रहे है। बताया जाता है कि इस समय की बारिश कुछ विशेष फसलों के लिए भले ही थोड़ी बहुत लाभकारी मानी जा रही हो, परंतु कटाई और खेत पर खड़ी पकी हुई फसल के लिए यह चक्रवाती बारिश किसी अभिशाप से कम साबित नहीं हो रही है। मौसम की इस बेरुखी से किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ सकता है।

कटी हुई फसलों पर मंडराया बर्बादी का खतरा, हवा से खड़ी फसल गिरने का खतरा

इन दिनों ग्रामीण अंचल में धान छेटे किस्म अर्ली वैरायटी की फसलों की कटाई का दौर चल रहा था। इस चक्रवाती असर के कारण किसानों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। स्थिति यह है कि खेतों में खुले आसमान के नीचे पड़ी फसलें जो फसलें कटाई के बाद खेतों में ही पड़ी है, वे लगातार हो रही बारिश की सीधी चपेट में आ गई हैं। दिनभर पानी गिरने से धान की बालियों के भीगने, दाने काले पड़ने और फसल के सड़ने की आशंका से किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं।



शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक

अरंड (पिथौरा)। अरंड संकुल के शासकीय प्राथमिक शाला मोंहदा में शाला प्रबंधन समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बैठक प्रारंभ किया गया। बैठक में आपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र शैक्षणिक गतिविधि स्वच्छता एवं विद्यालय विकास आदि प्रमुख विषयों पर चर्चा परिचर्चा कर आवश्यक कार्यवाही की गई। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सत्या यादव, वरिष्ठ नागरिक विश्राम सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच कामता यादव, बैजंती यादव, समिति सदस्य अनिता ठाकुर, राधिका यादव, संतोषी यादव, राजू ध्रुव आदि मौजूद रहे।



नवागांव कला में शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, विधायक हुए शामिल

बागबाहरा। ग्राम नवागांवकला में शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराएं हमारी पहचान और गौरव हैं। शरद पूर्णिमा जैसे पर्व हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति, सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। गांवों में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। ऐसे आयोजनों से ग्रामीणों के बीच आपसी मेल-मिलाप बढ़ता है और गांव में एकता तथा सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने आयोजन के लिए ग्रामीणों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में गेंदलाल पटेल, श्यामलाल चक्रधारी, रेशम लाल चक्रधारी, टिकेराम सिन्हा, अशोक चक्रधारी, भुज राम पटेल, डंक राम यादव, मानसिंग पटेल, उमाराम यादव, मोहित चक्रधारी, योगेश सिन्हा, कोमल पटेल, पीला राम चक्रधारी, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

हरीश संरक्षक, दुलार प्रदेश उपाध्यक्ष, सोमकान्त प्रदेश सचिव मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा





■ कौड़िया राज से 5 लोगों को किया गया सम्मिलित

यादव (ठेठवार) समाज महासभा राजिम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण पश्चात प्रांताध्यक्ष संतोष यदु, प्रान्तीय महासचिव समलिया यादव, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष रमन यादव की सहमति से प्रबंधकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें कौड़यि राज से 5 लोगों को सम्मिलित किया गया। जिसमें हरीश यादव को प्रदेश संरक्षक, दुलार यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष, सोमकांत यादव को प्रदेश सचिव, डिगेश यादव को प्रदेश प्रवक्ता व जीतराम यादव को प्रदेश संगठन मंत्री को बनाया गया। जिसके लिए सभी प्रांतीय पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया गया। इनके मनोनयन पर कौड़िया देवरी परिक्षेत्र यादव ठेठवार पिथौरा के संरक्षक द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी, आत्माराम यादव पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा, मुकेश यादव पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा, तुलाराम यादव अध्यक्ष कौड़िया देवरी राज, माधोराम यादव उपाध्यक्ष कौड़यिा देवरी राज सहित बहुत से सामाजिक बंधुओं ने हर्ष जताया है।

मेजबान भूथिया ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

भूथिया में 8 दिवसीय ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मेजबान टीम भूथिया ने जीता। फाइनल मुकाबला कुंडापाली के साथ खेला गया। जिसमें भथिया ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच गोकुल भोई, जनपद सभापति उद्धव नंद के कर कमलों से विजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया गया। मैन ऑफ़ द टूर्नामेंट प्रताप प्रधान बेस्ट बल्लेबाज साकेत प्रधान, गेंदबाज राहुल भोई, कीपर प्रताप प्रधान को मिला। समापन अवसर पर पीसीएस पदाधिकारी मिनकेतन पटेल, निर्मल प्रधान, किरोटी स्वाईं, मैच रेफरी देवदत्त बारीक, अंपायर मानस सेठ, अजय पात्र तथा रोहित प्रधान, झसकेतन प्रधान, निराकार साहू, कमल प्रधान, रश्मिरंजन प्रधान, भगवान साहू, धनपत सिदार, सूदन धराई, मुक्तेश्वर प्रधान, अलेख परेवा में आदि उपस्थित रहे।



कलेंडा विजयी

ग्राम छिबर्रा में खेले गये एक दूसरे मुकाबले बी श्रेणी के टूर्नामेंट में कलेंडा की टीम ने फाइनल जीता। फाइनल मुकाबला जंगलबेड़ा के साथ खेला गया। समापन समारोह में सरपंच देवकी खिरोद सिदार, प्रकाश प्रधान अमित प्रधान, दूबराज प्रधान दिलीप प्रधान पीसीएस पदाधिकारी मिनकेतन पटेल, खितीपति साहू निर्मल प्रधान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक ने दिया सामाजिक एकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

ग्राम सालडबरी में शिव शक्ति युवा क्लब द्वारा शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराएं और लोककलाएं हमारी पहचान हैं। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ ही समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी समाज की शक्ति होते हैं। युवाओं को शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियों और सामाजिक कार्यों में आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। विधायक यादव ने कहा कि शरद पूर्णिमा जैसे पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का प्रतीक हैं। गांवों मंप इस तरह के आयोजन होने से नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने शिव शक्ति युवा क्लब और ग्रामवासियों को आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर तेजन चंद्राकर, रमेश साहू, तूफान दीवान, रमन साहू, शिव शंकर साहू, लोचन साहू, दुर्जन साहू, अगेश साहू,मनमोहन साहू, नीरज साहू, ताराचंद साहू, हरीश साहू, पुनारद ठाकुर, सोनसाय साहू, राधेलाल साहू, तुलसीराम साहू, राजेश साहू, हीरेंद्र साहू, विजय साहू, देवशरण साहू, कुलेश्वर साहू, द्वारिका साहू, तोष साहू, रविशंकर साहू, गौतम साहू और संजय साहू मौजूद रहे।

जोगनीपाली के चंदली डोंगरी में शरद पूर्णिमा पर लगा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

शरद पूर्णिमा की दूधिया चांदनी में जोगनीपाली डोंगरी में स्थित चंदली डोंगरी में आस्था और उत्सव के रंग में रंग गया। पंधी और जोगनीपाली



सीमा की पहाड़ियों के बीच विशाल चट्टान पर स्थित पवित्र स्थल पर पूर्व में मुनि बाबा शरद पूर्णिमा की रात्रि में विशेष पूजा अर्चना किया करते थे। समय के साथ यह धार्मिक आस्था का केंद्र बनता गया और शरदोत्सव पर यहां मेले का आयोजन होने लगा। इस मेले में हजारों श्रद्धालु पहुंचे। तप साधना के महासंगम, महाआरती, भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को खास बना दिया। विकासखंड के ग्राम पंचायत जोगनीपाली स्थित डोंगरी में शरद पूर्णिमा पर मेले का आयोजन किया गया। पहाड़ियों के बीच विशाल चट्टान पर बने तप साधना का केंद्र का नजारा चांदनी रात में आकर्षण का केंद्र रहा। स्थानीय ग्रामीणों के साथ दूसरे राज्य ओडिशा से भी श्रद्धालु दर्शन और मेले में शामिल होने पहुंचे। ठंडी हवाओं और चांदनी से सजे पहाड़ी क्षेत्र ने मेले की रौनक बढ़ा दी। विशाल चट्टान और तप साधना केंद्र युवाओं के लिए सेल्फी पॉइंट भी बने रहे।



